# छाए बादल, मौसम हुआ खुशगवार

## हल्की बूंदाबांदी से मौसम हुआ ठंडा, गर्मी से मिली थोड़ी राहत, दोपहर में बढ़ी गर्मी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, इससे मौसम खुशगवार हो गया, लेकिन कुछ देर के लिए हवा थम जाने से उमस बढ़ गई। थोड़ी देर बाद फिर से हवा ने रफ्तार पकड़ी तो गर्मी से राहत मिली। हल्की बूंदाबांदी भी हुई। लगभग 12 बजे तक हल्की धूप-छांव बनी रही। दोपहर लगभग एक बजे तेज धूप ने गर्मी बढ़ा दी। शाम को फिर से बादल छा गए, जिससे गर्मी से राहत मिली लेकिन घरों के अंदर उमस बनी हुई थी।

सोमवार को उमस भरी गर्मी के बीच पारा 38.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, मंगलवार को मौसम में आए बदलाव की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार के मुकाबले पारा 3.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। मंगलवार को 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह पांच बजे आसमान में बादल छाए हुए थे, धीरे-धीरे हवा चल रही थी, जिससे गर्मी से राहत मिल रही थी लेकिन फिर सुबह लगभग 5:30 बजे अचानक हवा बंद हो गई और मौसम शुष्क होने की वजह से उमस बढ़ गई, करीब 15 मिनट तक उसम बनी रही, इससे लोग परेशान हो उठे।

- शाम मौसम ने फिर ली करवट छाए बादल, चली ठंडी हवा

> सोमवार के मुकाबले मंगलवार को पारा 3 .4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। मंगलवार को पारा 34 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
> – डॉ. मनमोहन सिंह, मौसम वैज्ञानिक, गन्ना शोध संस्थान

लगभग 6:45 बजे फिर हवा चलने से मौसम में नमी आ गई, सूरज बादलों की ओट में छिपे रहे। लगभग सात बजे के आसपास हल्की बूंदबांदी शुरू हुई लेकिन चंद मिनट में ही थम गई। सुबह पांच बजे से दोपहर लगभग 12 बजे तक इसी तरह मौसम की आंख मिचौली चलती रही। दोपहर करीब एक बजे तेज धूप ने गर्मी बढ़ा दी। इससे उमस बढ़ गई और लोग परेशान होने लगे, वहीं बिजली की ट्रिपिंग भी लोगों को परेशान किए रही।

सबसे अधिक परेशानी प्राइवेट वाहनों में सफर करने वाले यात्रियों को हुई। शाम पांच बजे तक लोग गर्मी से परेशान होते रहे। सूरज ढलने के बाद शाम लगभग सात बजे आसमान में अचानक फिर से बादल आ गए और ठंडी हवा बहने लगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मौसम में हो रहे बदलाव के बीच अब किसानों ने भी धान की रोपाई के लिए खेत में पलेवा बनाना शुरू कर दिया गया। कुछ किसानों की धान की पौध भी तैयार हो गई है। एक सप्ताह के अंदर किसान धान की रोपाई शुरू कर देंगे।



आसमान में छाये बादल • अमृत विचार

# समस्याओं का निस्तारण न होने पर भाकियू ने दिया धरना

**तिलहर, अमृत विचार :** जनहित की कई समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता तहसील में धरने पर बैठ गए। नायब तहसीलदार मनु माथुर ने वार्ता की लेकिन वार्ता सफल नहीं हुई और धरना जारी रहा।

मंगलवार को तहसील अध्यक्ष गेंदन लाल लोधी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील में एकत्र हुए। युवा जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह लोधी ने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल निगम द्वारा सड़क खोद कर डाल दी गई हैं। इन्हें अभी तक नहीं ठीक किया गया। हाईवे पूर्वी पर अंडरपास या फिर ओवरब्रिज नहीं बनने के कारण लोगों की जानें जा रही हैं। इन समस्याओं को लेकर कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है।

देर शाम नायब तहसीलदार किसान नेताओं से वार्ता करने पहुंचे, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला और किसान नेताओं ने धरना समाप्त नहीं किया। इस दौरान वीरपाल वर्मा, राम नरेश, ओम प्रकाश, विश्वनाथ सिंह, सुनील कुमार, राजवीर सिंह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुर्गा वाहिनी ने सड़कों पर निकाला पथ संचलन



पथ संचलन निकालती दुर्गा वाहिनी की सदस्य। • अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी बृज प्रांत के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस हिंदू समाज को जागृत करने के लिए पथ संचलन निकाला गया।

दुर्गा वाहिनी बृज प्रांत के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के चौथे दिन मंगलवार को क्षेत्र संयोजिका दुर्गा वाहिनी बहन रीना शर्मा के नेतृत्व में संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर से पैदल संचलन कर ग्रीन वैली चौराहा होते हुए हनुमत धाम पर पहुंचीं। यहां हनुमान चालीसा व हनुमान आरती के बाद क्षेत्र संयोजिका रीना ने कहा कि देश में समय की जरूरत है कि हिंदू समाज की बहनें महाशक्ति/दुर्गा वाहिनी से जुड़े, भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति को मजबूत करें।

कट्टरपंथियों वामपंथियों के मंसूबों को समाप्त कर लव जिहाद जैसी घटनाओं को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं। दुर्गा वाहिनी के हर साल होने वाले प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन इस वर्ष बलिदानियों की धरा शाहजीपुर महानगर में चल रहा है, जिसमे बृज प्रांत के विभिन्न जिलों की दुर्गा वाहिनी बहने सम्मिलित हैं,जो विभिन्न प्रकार के शारीरिक अभ्यास व भारतीय संस्कृति की जानकारी का अभ्यास कर अपने-अपने स्थान पर भारतीय संस्कृति को मजबूत करने का कार्य करेंगी।

# योजनाओं से तमाम किसान लाभान्वित हुए

**खुटार, अमृत विचार:** विकसित कृषि संकल्प अभियान से किसानों को तमाम तरह के फायदे हो रहे हैं। जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है और किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं। उक्त विचार ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने कृषि विभाग की ओर से खुटार के गांव नरौठा देवीदास में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम सूर्य योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई। जिससे हजारों किसान लाभान्वित हुए हैं। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसानों के कल्याण को देखते हुए तमाम योजनाएं चलाकर उन्हें लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। ऐसे में किसान काफी खुश नजर आ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की पूर्ण किस्त एवं प्रधानमंत्री सूर्य योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देव पटेल, मुनीश कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सहयोग संस्थान ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने नगरिया मोड़ पर पहुंचकर सभी राहगीरों को शरबत पिलाया और प्रसाद में सभी को चने व हलुआ खिलाया।

इस मौके पर संस्था में ग्राम पंचायत नगरिया के प्रधान सोनू सिंह नए सदस्य के रूप में शामिल हुए। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता व महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि संस्था इस वर्ष भी सौ कार्यक्रम आयोजन करेगी। कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे ने बताया कि महानगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पौधारोपण करेंगे कार्यक्रम में अनिल गुप्ता प्रधान, शाहनवाज खां एडवोकेट,नेहा यादव सक्सेना, निखिल महेंद्रु,आदि लोग रहे।

# बकरीद को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** थाना परिसर में ईद पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के गांव मियांपुर, बादशाहनगर, दुधौना, भरगवा, सुजातपुर, डींगुरपुर, जुम्मनपुर आदि गांवों से आए मौलवियों और संभ्रांत लोगों से थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने ईद शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि इस मौके पर कुर्बानी देने वाले लोग मलवा सार्वजनिक स्थान पर न फेकें। अगर कोई व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करे तो उस व्यक्ति की सूचना तत्काल थाने पर देकर सहयोग करें। इस मौके पर साजिद खान, वसीम, मुजीब खान, मौलाना शाहिद, आरिफ, शादाब खां, आफताब, जुबैर, हसन रजा आदि मौजूद रहे।



थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग। • अमृत विचार

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं ईद-उल-अजहा:एसडीएम

**कलान, अमृत विचार :** 7 जून को मनाए जाने वाले पर्व ईद–उल–अजहा (बकरीद) को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम ने त्यौहार को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की। मंगलवार को एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद ने नगरवासियों से ईद –उल–अजहा( बकरीद) का त्यौहार सौहार्द और शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि किसी की ओर से कोई गलत कार्य व अफवाह फैलाई तो खैर नहीं होगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कुर्बानी बंद स्थानों पर या अपने घरों पर करें। कुर्बानी के अवशेष को गड्ढे या मिट्टी में दफन कर दें। बैठक में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह,विनोद गुप्ता,सभासद संदीप गुर्जर,दिलीप गुप्ता,दीपक नंदवंशी,मोहम्मद उमर उस्मानी, खुर्शीद आलम कई प्रधान भी मौजूद रहे।

## एएसपी व सीओ ने पुलिस के साथ किया रूट मार्च

**कलान, अमृत विचार :** बकरीद त्योहार के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण व सीओ अजय राय ने कस्बे में पुलिस जवानों के साथ पैदल मार्च किया। थाने से पैदल मार्च करते हुए पुलिस अफसर स्टेट हाईवे पर पहुंचे, हाईवे पर पैदल मार्च करते हुए संदिग्ध लोगों को चेक किया। एएसपी ने सभी को सुरक्षा भरोसा दिलाते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी प्रभाष चंद , उपनिरीक्षक यशपाल सिंह आदि थे।

# छत से कूदने पर युवक के दोनों पैर टूटे, हालत गंभीर

**निगोही, अमृत विचार:** छत से कूदने पर एक युवक के दोनों पैर की हड्डी टूट गई। उसे गंभीर हालत में परिजन मेडिकल कॉलेज ले गए हैं, वहीं परिजनों का कहना है कि पुलिस के डर की वजह से छत से छलांग लगाने पर युवक की यह हालत हुई है।

कस्बा निवासी सौरव सिंह के खिलाफ मोहल्ले की ही एक महिला ने छेड़छाड़ की तहरीर दी थी। जिसकी जांच करने महिला सिपाही के साथ 1090 पुलिस भी पहुंची थी। पुलिस को देखकर सौरव डर गया और छत पर चढ़कर नीचे कूद गया, जिससे उसके दोनों पैर टूट गए और घायल होकर वहीं तड़पने लगा।पुलिस उसे घायल अवस्था में छोड़कर चली गई। पुलिस के जाने के बाद उसके छोटे भाई गौरव ने पड़ोसियों की मदद से उसको कस्बे के ही प्राइवेट क्लीनिक पर दिखाया, जहां से उसको मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर ले गए। गौरव ने बताया कि एक्सरे में सौरव के दोनों पैर टूटे हुए पाए जाने के बाद डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं।

# एनसीसी शिविर का ब्रिगेडियर ने किया दौरा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** जवाहर नवोदय के परिसर में चल रहे एनसीसी सीएटीसी 93 के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को छठा दिन था। इस दिन बरेली एनसीसी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडयर संदीप वर्मा ने कैंप का दौरा किया। कैडेट्स गार्ड ने ग्रुप कमांडर को सलामी दी।

ग्रुप कमांडर ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत से विषयों पर कैडेट्स से बातचीत की, जिसमें एनसीसी के फायदे, कैंप के दौरान रूटीन, प्रशिक्षण, अच्छे नागरिक की जिम्मेदारियां शामिल रहे। ग्रुप कमांडर कैंप में उपस्थित सभी एएनओएस व जेसीओएस से भी मिले और उनसे बातचीत की। इसके बाद ग्रुप कमांडर ने कैडेट्स के बरैक और पाकशाला का निरीक्षण किया। ग्रुप कमांडर कैडेट्स के उत्साह से खुश नज़र आए। उन्होंने बताया कैंप कमांडर कर्नल एसएस चीमा ने कैडेट्स के भोजन के स्तर पर काफ़ी जोर दिया है। इसके पश्चात ग्रुप कमांडर ने फायरिंग रेंज का भी दौरा किया और कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया। कैडेट्स शिविर का बहुत आनंद उठा रहे हैं। कैडेट्स के मनोरंजन के लिए रोजाना शाम के समय उन्हें प्रेरित करने वाली फिल्में दिखाई जा रही हैं।



शिविर में हिस्सा लेते एनसीसी कैडेट्स। • अमृत विचार

- एनसीसी शिविर सीएटीसी 93 का छठवां दिन

इस अवसर पर 25 बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी व कैंप कमांडर कर्नल एसएस चीमा, प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद शर्मा, सूबेदार मेजर सुनील सिंह रावत, कैप्टन अनिलेश सिंह, लेफ्टिनेंट मोहम्मद अयूब, लेफ्टिनेंट आलोक सिंह, लेफ्टिनेंट रत्नेश जायसवाल, लेफ्टिनेंट शिवेंद्र कुमार, लेफ्टिनेंट आशमा, थर्ड ऑफिसर प्रीति मौर्या, ट्रेनिंग एनसीओ राघवेंद्र सहित दर्जनों सैन्य ऑफिसर उपस्थित रहे।




कैडेट्स को संबोधित करते ब्रिगेडियर संदीप वर्मा।







# पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** गांव सिकंदरपुर अफगानान निवासी पिटाई से घायल शिवकुमार की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई।

गांव सिकंदरपुर अफगानान निवासी शिवकुमार एक जून की शाम 6 बजे अपने घर से जलालाबाद के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में ही दो लोगों ने उन्हें बेवजह लाठियों से पीट दिया, जिससे उनके दोनों पैर टूट गए। बाद में आरोपी उसे अधमरा करके सिकंदरपुर जाने वाले पानी भरे नाले में फेंक कर चले गए। वह रात भर इस नाले में पड़ा रहा।

सुबह परिवार के लोगों ने जब खोजबीन शुरू की, तो वह नाले में पड़ा हुआ मिला। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद लेकर गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उस की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई।

# दो बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला पचासा निवासी ओमपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 मई को वह तहसील तिलहर काम से आया था। उसने बाइक तहसील परिसर में खड़ी कर दी। वह लौटकर आए तो बाइक गायब मिली।

पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट में दर्ज कर ली है। थाना मिर्जापुर के कस्बा निवासी विशाल गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 16 मई को सुबह 10 बजे एजेंसी पर आया और बाइक खड़ी करके अंदर चला गया। वह लौटकर आए तो बाइक गायब मिली।

# भाकिमसंयू की पंचायत: प्रताड़ना नहीं रुकी तो होगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। पंचायत के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को देकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।

सिंचाई विभाग के डाकबंगला में हुई पंचायत में जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि विकासखंड निगोही के गांव डणिया में साप्ताहिक बाजार बुधवार व रविवार को लगती है।आरोप लगाया कि इस साप्ताहिक बाजार में पुलिस दुकानदारों व ग्राहकों की बाइक के जबरन चालान कर दे देती हैं और चालान के नाम पर धन उगाही कर लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इसका प्रशासन संज्ञान ले और पुलिस के द्वारा प्रताड़ित किए जाने का कार्य बंद हो, अन्यथा यूनियन विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। ददरौल ब्लॉक अध्यक्ष हरदयाल वर्मा ने कहा कि विकासखंड ददरौल के गांव बकिया में सरकारी नलकूप संख्या 60 की नाली, कुलवा, कुंडी खराब हैं, जिसकी मरम्मत शीघ्र कराई जाए।



ज्ञापन देने पहुंचे भाकिमसंयू कार्यकर्ता और पदाधिकारी। • अमृत विचार

- पुलिस पर चेकिंग के नाम पर धनउगाही का लगाया आरोप
- नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

तहसील अध्यक्ष सदर रामस्वरूप सिंह ने कहा कि कमलापुर से पिपरोला होते हुए बरुआ जाने वाली नहर जिसका पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है। नहर की सिल्ट सफाई कराकर टेल तक पानी पहुंचाया जाए। जिससे किसानों को उनके खेतों में पानी मिल सके। पंचायत में रामस्वरूप सिंह, चंद्रपाल सिंह, लल्ला सिंह, अनुराग सिंह, बलबीर सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# पशु क्रूरता में वांछित दो अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पकड़ा गया एक अभियुक्त बरेली के देवरनिया और एक बीसलपुर का निवासी, तमंचा, कुल्हाड़ी बरामद

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** पशु क्रूरता में वांछित दो अभियुक्तों को निगोही पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गए। पकड़े गए लोगों के पास से तमंचा, कारतूस, कुल्हाड़ी, छुरी, बांका, लकड़ी का गुटका, प्लास्टिक की रस्सी, कार, मोबाइल बरामद किया है। घायल अभियुक्तों का जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है, एसपी राजेश द्विवेदी ने जिला अस्पताल पहुंचकर अभियुक्तों से पूछताछ की।

सोमवार रात करीब 1:58 बजे निगोही पुलिस को पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित दो अभियुक्त बरेली के थाना देवरनिया के गांव मुढ़िया जागीर निवासी मो. शानू और पीलीभीत के थाना बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी अनीश को गांव इनायतपुर वाले रोड पर पुरानी नहर कोठी के पास कार से आते दिखाई दिए है।


पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्तों को पकड़ कर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार


जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल अभियुक्त से पूछताछ करते एसपी राजेश द्विवेदी।

31 मई को निगोही पुलिस ने चक्रमली गांव के पास पिकअप में कुछ गोवंश बरामद किए थे, मौके से अभियुक्त फरार हो गए थे, सोमवार रात पुलिस को मिली सूचना पर उन्हें मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों घायल अभियुक्तों का इलाज चल रहा है। अन्य की तलाश की जा रही है। - **राजेश द्विवेदी, एसपी**

पुलिस टीम को देखकर अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, इससे मो. शानू के दाहिने पैर में गोली लग गई और अभियुक्त अनीश के बाएं पैर के घुटने में नीचे के साइड गोली लग गई। पुलिस टीम ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्तों ने बताया गया 31 मई को हम दोनों तथा हमारे साथी मो. शाकिर पुत्र निवासी गांव मुढिया जागीर, हाल निवासी गांव पीर बहोड़ा, थाना इज्जत नगर बरेली व धर्मवीर निवासी गांव ज्योति नगर, थाना नवाबगंज, बरेली ने थाना निगोही के गांव चक्रमली से एक पिकअप बोलेरो मैक्स में गोवंशीय पशुओं को लादने के बाद ले जाने की फिराक में थे, तभी अचानक पुलिस आ गई जिन्हे देखकर हम लोग पिकअप बोलेरो में बंधे गोवंशीय पशुओं को छोड़कर भाग गए थे, गौवंशीय पशुओं को दूसरे राज्यों में ले जाकर अधिक दामों में बेच देते हैं,

- पुलिस से मुठभेड़ में दोनों अभियुक्तों को पैर में लगी गोली
- एसपी ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर अभियुक्तों से की पूछताछ

थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस गोली से घायल दोनों अभियुक्तों का जिला मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

उपचार के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड स्वीकृत कराकर जेल भेजा जाएगा। पकड़े गए मो. शानू के खिलाफ फरीदपुर, भुता, इज्जत नगर, निगोही थाने में सात और अनीश के खिलाफ तिलहर, बीसलपुर, इज्जत नगर, निगोही थाने में पशु क्रूरता, गोकशी, गोतस्करी सहित विभिन्न आपराधिक धाराओं में आठ मामले दर्ज हैं।

# तिलहर में बालक से कुकर्म का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसका 10 वर्षीय पुत्र सोमवार को दोपहर अपने गांव में देव स्थान की मंदिर की जगह में खेल रहा था। उसके पुत्र को आम तोड़कर देने का लालच देकर गांव के बाहर ले गया।

आरोप है कि उसके पुत्र के साथ कुकर्म किया, जिससे उसका पुत्र बेहोश हो गया। राहगीरों ने उसके पुत्र को देखा और पानी के मुंह पर छीटे डाली। उसके पुत्र को होश आया। उसके पुत्र ने घटना से अवगत कराया। उसने आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

# बाघ ने बछड़े पर हमला कर किया घायल, लोगों में दहशत

संवाददाता, खुटार

- खेतों में खड़ी मक्के की फसल में बाघ ने जमाया डेरा
- बनकटा के पास भी लोगों को दिखाई दिया बाघ

**अमृत विचार:** खुटार गोला रोड महुरैया गांव में बीती रात बाघ ने एक बछड़े पर हमला कर दिया। बछड़े के रंभाने की आवाज होने पर मकान स्वामी जाग गया और और उसने घर के बाहर निकल कर टार्च की रोशनी डालते हुए देखा तो बाघ बछड़े को खींचकर ले जा रहा था। जिस पर हो हल्ला करने पर बाघ बछड़े को घायल कर भाग गया। इस घटना के बाद गांव के लोगों में दहशत बनी हुई है।

महुरैया गांव निवासी पोथीराम ने बताया कि सोमवार रात वह अपनी गाय व बछड़े को दरवाजे पर बांधकर घर के आंगन में सो रहे थे। तभी अचानक रात 3 बजे बछड़े की रंभाने की सुनाई दी। जिस पर वह लाठी, टार्च लेकर घर के बाहर निकले तो देखा कि बाघ बछड़े को खूंटे से खींच कर ले जा रहा था। जिस पर उन्होंने पास पड़ोस रहे रहे लोगों को बुलाने के लिए हो हल्ला मचाया तो पड़ोसी भी जाग गये और शोर मचाने लगे। जिस पर बाघ बछड़े को घायल कर छोड़कर चला गया। ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि बाघ आए दिन खेतों में चहल कदमी करता हुआ दिखाई देता है। वन विभाग को कई बार सूचना भी दी गई लेकिन सूचना के बावजूद भी कोई वनकर्मी मौके पर नहीं आए।

किसानों का कहना है कि खेतों में खड़ी मक्के की फसल में ही बाघ अपना डेरा जमाए बैठा है, जिससे वन विभाग कोई अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है। खुटार गोला रोड बनकटा मोड़ के पास भी सोमवार रात बाघ को चहल कदमी करते हुए रोड किनारे देखा। जिससे लोगों में बाघ की दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि वन विभाग की उदासीनता के चलते ही बाघ जंगल में ना जाकर खेतों में डेरा जमाए बैठा है। जिससे किसी भी समय कोई अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर व्यक्ति की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सड़क के किनारे बाइक रोककर खड़े थे, कांट तिलक में जा रहे थे

**अमृत विचार:** कांट क्षेत्र में कार ने खड़ी बाइक और तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी पर भेजा। जहां डाक्टर ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। मृतक भांजी के तिलक में कांट जा रहा था।

हरदोई जिले के शाहाबाद कस्बा निवासी 58 वर्षीय प्यारेलाल कांट थाना क्षेत्र के गांव सैजना निवासी दामाद सोनू वर्मा और उसके पड़ोसी दीवारी के साथ बाइक से तिलहर थाना क्षेत्र में गुलाम खेड़ा में रहने वाली भांजी की तिलक में शामिल होने जा रहे थे। उसकी भांजी की शादी कांट थाना क्षेत्र के गांव चकममरेज में तय हुई थी। सोमवार की रात आठ बजे तिलक में जाते समय कांट रोड पर एक स्थान पर बाइक


मृतक प्यारे लाल।

खड़ी कर दी। तीनों लोग बाइक से लघुशंका के लिए उतरे। तीव्रता से आ रही कार ने बाइक और तीनों लोगों को टक्कर मार दी। तीनो लोग घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। चालक कार लेकर भाग गया।

सूचना पर कांट पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। डाक्टर ने प्यारेलाल को मृत घोषित कर दिया। डाक्टर ने घायल सोनू और दीवारी को मेडिकल कालेज भेज दिया। मृतक खेतीबाड़ी करते थे।

## घायल व्यक्ति की बरेली में मौत

**सिंधौली, अमृत विचार :** दस दिन पूर्व प्राइवेट एंबुलेंस ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया था। घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान बरेली में मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया मिश्र निवासी सचिन तथा उसके पिता विजय वर्मा 22 मई की शाम सिंधौली बाजार से खरीदारी करके बाइक से लौट रहे थे। मुड़िया मोड़ पर प्राइवेट एंबुलेंस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पिता और पुत्री घायल हो गए थे। उसके पिता विजय वर्मा गंभीर रुप से घायल हो गए थे। डाक्टर ने उनको बरेली भेज दिया था। विजय वर्मा का बरेली में इलाज चल रहा था। सोमवार को उनकी बरेली में मौत हो गयी।

# लखनऊ पुलिस ने आरोपी के घर चस्पा किया नोटिस

**तिलहर, अमृत विचार :** न्यायालय से फरार चल रहे आरोपी के यहां लखनऊ की पुलिस ने कुर्की किए जाने का नोटिस आवास पर चस्पा किया। सोमवार की रात लखनऊ के थाना गाजीपुर के दरोगा प्रवीण कुमार तथा सिद्धांत सिंह अपनी टीम के साथ मोहल्ला मदनपुर में पहुंचे। उन्होंने यहां पर रहने वाले पवन कुमार के आवास पर छापा मारा, लेकिन वह नहीं मिला।

उसकी अनुपस्थिति में उन्होंने उसके भाई को बताया कि पवन के पास 1993 में चोरी की बाइक बरामद हुई थी, जिसका मुकदमा लखनऊ में चल रहा है, लेकिन पवन न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है। इस संबंध में कई बार वारंट भी जारी हो चुके हैं। उन्होंने कुर्की का नोटिस मकान के दरवाजे पर लगाते हुए कहा कि अगर जल्द पवन न्यायालय में हाजिर नहीं होता तो मकान के सामान को कुर्क कर दिया जाएगा।

# दो मकानों से नकदी समेत दस लाख के जेवर चुराए

संवाददाता, खुदागंज/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** चोरों ने गैली गांव में दो घरों को निशाना बनाया है। चोरों ने मकान में नकब लगा दी और नगदी समेत दस लाख रुपये का जेवर चुराकर ले गए। दोनों मकान स्वामी सुबह उठे तो देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और नकब लगी हुई थी। चोरी की घटना से गांव में दहशत व्याप्त है।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव गैली निवासी आसिफ अली जयपुर में काम करते है। उनकी पत्नी मरियम अपने बच्चे शादाब व इकरा के साथ यहां मकान में रहती है। मरियम परिवार के साथ सोमवार को सो रही थी। चोरों ने रात में मकान के पीछे दीवार में नकब लगाकर कमरे में घुस आए बक्से का ताला तोड़ दिया और नकदी जेवर चुरा लिये। मरियम सुबह उठीं तो देखा कि कमरे का सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने बताया कि चोर एक लाख रुपये, सोने का हार, सोने की झुमकी, दो जोड़ी पायल, अंगूठी, मांग टीका आदि सामान ले गए है। इसी गांव निवासी और हरदोई के शाहाबाद की एक मस्जिद में इमाम इरशाद के मकान में पिता कल्लू और उनकी पत्नी फराना व अन्य परिजन थे। सोमवार की रात में परिजन मकान के आंगन में सो रहे थे।


चोरों ने इसी नकब से चोरी की घटना को अंजाम दिया।

- मकानों में लगी थी नकब, चोरी की सुबह हुई जानकारी, चोरी की घटना से दहशत

चोरों ने मकान के पिछली दीवार में नकब लगा दी और चोर नगदी, जेवर आदि सामान चुराकर ले गए। उनके मकान के पीछे मुर्गी फार्म है। मुर्गी फार्म के चौकीदार जाकिल ने देखा कि मकान की दीवार में नकब लगी है। उन्होंने फराना को जानकारी दी। उन्होंने देखा कि बक्से का ताला टूटा हुआ था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोर 10 हजार रुपये, दो सोने का हार, झुमकी, तीन सोने की अंगुठी आदि जेवर ले गए है। चोरी की सूचना थाना पद दी गयी। खुदागंज थाना अध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह सिपाहियों के साथ दोनों घरों पर गए और मौका मुआयना किया। उन्होंने परिवार वालों से जानकारी की। चोरी की तहरीर थाना पर दे दी है।


चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

## रात में लगती है पुलिस की गश्त

खुदागंज से मझिला गांव तक पुलिस की गश्त रहती है। पुलिस की गश्त के बावजूद भी एक ही रात में दो घरों में चोरी हो गयी। गांव वालों का आरोप है कि पुलिस की गश्त रात में गांव में नहीं आती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि रात की गश्त बढ़ाई जाए और चोरी का खुलासा किया जाए।

# कर्मचारियों को शस्त्रों की हैंडलिंग का कराया अभ्यास


कर्मचारियों को शस्त्रों को हैंडल करना सिखाया। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण ने मिर्जापुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मैस, कंप्यूटर कक्ष, थाना परिसर, बैरक आदि भौतिक रूप से भ्रमण कर सूक्ष्मता से निरीक्षण किया।

उन्होंने अभिलेखों को चेक किया और अद्यावधिक करने के लिए निर्देश दिए गए। एएसपी ग्रामीण ने थाना पर अभिलेखों के रख-रखाव व सफाई की प्रशंसा की है। उन्होंने निर्देश दिए कि लावारिस वाहनों की नीलामी करायी जाए। पुलिस कर्मचारियों को शस्त्रों की हैंडलिंग आदि का अभ्यास कराया गया। फरियादियों की शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाए। आगामी त्यौहार को लेकर पैदल गश्त की जाए।

इधर थाना परिसर में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। उन्होंने कहा पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है और नागरिकों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पीस कमेटी के सदस्य, थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# जलालाबाद में नहीं थम रही चोरियां

**जलालाबाद, अमृत विचार :** ग्राम गुनारा फर्रुखाबाद रोड पर स्थित गोदाम के बाहर रखे करीब तीन हजार मीटर की लाइन व करीब 150 मीटर बंच केबिल के दो बंडलों को सोमवार रात चोरों ने वाहन पर लादकर चोरी कर लिया। जानकारी पर डायल 112 को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

सुबह को ठेकेदार योगेश कुमार सिंह निवासी ग्राम बझेड़ा महुआ डांडी ने लिखित सूचना जलालाबाद कोतवाली में दी। वहीं ठेकेदार ने बताया कि इस चोरी की घटना में करीब तीन लाख का सामान आदि गया है।

थाना प्रभारी राजीव कुमार तोमर ने बताया कि हो सकता है कि ठेकेदार का कोई व्यक्ति ही केबिल ले गया हो। सीसीटीवी कैमरों को देखा जा रहा है। जल्द ही चोरी का खुलासा होगा। चोर पकड़े ही जाएंगे।

# एक क्लिक में मिलेगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट, जांच में होगी आसानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस व अन्य संबंधित लोगों को समय से मिलेगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट
- रिपोर्ट के लिए नहीं होगा इधर-उधर भटकना

**अमृत विचार:** पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिको-लीगल रिपोर्ट के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एक नया सॉफ्टवेयर तैयार हुआ है। अब पोटल से पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन मिलेगी।

इससे रिपोर्ट पहुंचने में देरी नहीं लगेगी। एक क्लिक में रिपोर्ट एसपी कार्यालय, सीएमओ कार्यालय और कोर्ट पहुंच जाएगी। इससे पुलिस को जांच में आसानी मिलेगी। जिले में 24 थाने है।

प्रत्येक थाना से शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लाया जाता है। पोस्टमार्टम हाउस पर अभी तक हैंडराइटिंग में रिपोर्ट तैयार की जाती थी। कागज पर तैयार की रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय, एसपी कार्यालय, सीओ कार्यालय और थाना पर भेज दी जाती थी। परिवार वालों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट लेने के लिए एसपी कार्यालय और सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। उन्हें यह रिपोर्ट कई दिन बाद मिल पाती थी। लेकिन अब पोस्टमार्टम हाउस पर कंप्यूटर लग गया है। अब कंप्यूटर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसके लिए साफ्टवेयर मेडलीएपीआर (मेडिको-लीगल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट) तैयार किया गया है। इससे डॉक्टरों को हाथ से रिपोर्ट बनाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। डाक्टर जांच के दौरान इसी को ऑनलाइन करेंगे । पोर्टल के माध्यम से पोस्टमार्टम व मेडिको-लीगल की रिपोर्ट पुलिस प्रशासन, फोरेसिंग टीम और कोर्ट में पहुंच जाएगी। पोस्टमार्टम हाउस के नोडल अधिकारी डॉ पीपी श्रीवास्तव ने बताया कि आनलाइन व्यवस्था शुरु हो गई है। रिपोर्ट को आम आदमी नहीं देख सकता है। यदि किसी को जरूरत है तो ऑनलाइन रिपोर्ट मिलेगी।


आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस।

# संग्रह अमीन के घर से नकदी समेत हजारों के जेवर चोरी


अमीन के घर हुई चोरी की जांच करने पहुंचे पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा में चोरों ने संग्रह अमीन के मकान का ताला तोड़ दिया और नगदी समेत हजारों रुपये के जेवर चुराकर ले गए। चोरों ने राजस्व वसूली के अभिलेख फाड़ दिए।

कटरा थाना क्षेत्र के गांव वैवहा निवासी सुरेंद्र सिंह यादव ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तहसील तिलहर में संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत है। उनका दूसरा मकान अहिरान में है। उस मकान में ताला बंद था। चोरों ने सोमवार की रात में मकान का ताला तोड़ दिया। चोरों ने अलमारी का लॉक भी तोड़ दिया। चोर अलमारी में से एक हजार रुपये, सोने की चेन, कुंडल, मंगलसूत्र, अंगूठी आदि जेवर ले गए है। चोरों ने बकायादार के राजस्व के अभिलेख भी फाड़ दिए। उनको पड़ोसी ने चोरी होने की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजने के निर्देश

**खुटार, अमृत विचार:** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 4 मई को राष्ट्रीय नेशनल पार्क दुधवा में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पीलीभीत तक कार से जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

राज्यपाल के कार्यक्रम में कोई व्यवधान पैदा ना हो। इसलिए प्रभारी निरीक्षक खुटार एवं खंड विकास अधिकारी खुटार ने मैलानी और पूरनपुर रोड पर पड़ने वाली ग्राम पंचायत के वीडिओ को पत्र भेजकर निराश्रित गोवंशों को पकड़वाकर उन्हें गौशाला में भिजवाने के आदेश दिए हैं। मंगलवार को निराश्रित का वंश को हाईवे के किनारे से पकड़वाकर गौशाला में भिजवाने के लिए अभियान भी ब्लॉक के कर्मचारियों को द्वारा चलाया गया।

# ससुराल में महिला की संदिग्ध अवस्था में जलकर मौत

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हरदोई ससुराल में रह रही एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में जल गयी। मायके वाले उसे मेडिकल कालेज लेकर आए। डाक्टर ने महिला को बरेली रेफर कर दिया। मायके वाले उसे बरेली से लखनऊ लेकर जा रहे थे। रास्ते में महिला की मौत हो गयी। मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज की खातिर उसे जला दिया है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव फाजिलपुर निवासी कुसमा देवी ने अपनी बेटी 26 वर्षीय शालू सिंह की शादी चार साल पहले श्याम सिंह निवासी सहसोगा थाना पचदेवरा जिला हरदोई के साथ की थी। 28 मई को शालू सिंह ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों आग से झुलस गयी थी। सूचना पर कुसमा देवी शाम को बेटी की ससुराल गई और हरदोई अस्पताल से लेकर मेडिकल कालेज लेकर आई। जहां डाक्टर ने गंभीर रूप से झुलसी महिला को बरेली के लिए रेफर कर दिया। मायके वाले उसका बरेली में इलाज करा रहे थे। यहां डाक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। मायके वाले सोमवार की शाम उसे लेकर बरेली से लखनऊ जा रहे थे कि रास्ते में शालू सिंह की मौत हो गयी। मायके वाले उसका शव लेकर मदनापुर थाना पर गए। मृतका की मां कुसमा देवी ने बेटी की ससुराल वालों पर जलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। मृतका की दो बेटियां है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना हरदोई जिले की है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक शालू सिंह के परिजन।

- मायके वालों ने जलाकर मारने का लगाया आरोप, बरेली से लखनऊ ले जाते समय हुई मौत

## बहन को ससुराल छोड़कर आया था

मृतका शालू सिंह के भाई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 10 मई को उसकी चचेरी बहन की शादी थी। 9 मई को ससुर उसकी बहन को मायके छोड़ गए थे। वह मायके में रह रही थी। 28 मई को सुबह आठ बजे उसकी बहन के पति का फोन आया। उन्होंने अपने नाना की तबीयत खराब बताकर बहन को घर बुला लिया था। वह अपनी बहन को ससुराल छोड़कर घर आया। उसे शाम को सूचना मिली कि उसकी बहन जल गई है। ससुराल में कोई नहीं मिला।

# चोरी के मोबाइल समेत दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के सात चोरी के मोबाइल बरामद किए है।

चोरी के मोबाइल सस्ते दाम में बेच देते थे। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह को मंगलवार की सुबह गदियाना ईदगाह के पास दो मोबाइल चोरों के खड़े होने की सूचना मिली उन्होंने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने चोरी के सात मोबाइल बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्त अमित कुमार निवासी दिलाजाक थाना सदर बाजार और अर्जुन निवासी गदियाना थाना सदर बाजार है। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों पर पहले से मुकदमें दर्ज है।

## खंभा लगाने से रोका, दबंगों ने महिला व किशोरी को पीटा

**कुर्रिया कलां, अमृत विचार :** क्षेत्र के भित्तियां पौंकी गांव में खंभा लगाने से रोकने पर दबंगों ने एक महिला और उसकी भतीजी के साथ मारपीट की। गांव निवासी विनीता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वो अपने आवास का निर्माण करा रही हैं। आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति उसकी दीवार के पास समरसेबल के लिए खंभा लगवा रहा था। जब उन्होंने रोका तो आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। भतीजी सुहानी बचाने आई आई तो उसके साथ भी मारपीट की। धमकी देते हुए सभी आरोपी फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल सुहानी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

## कलश शोभायात्रा निकाली गई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा से सिउरा मार्ग पर स्थित माता काली देवी मंदिर के हनुमत धाम पर मंगलवार से शुरु होने वाली भागवत कथा को लेकर नगर में कलश शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में विधायक वीर विक्रम सिंह, भाजपा नेता सर्वेश कश्यप, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, अजीत शर्मा, विनोद नाथ कश्यप, राजेश कश्यप, राजीव गंगवार, कृष्ण गंगवार, रिशु गुप्ता, शिवम गंगवार, कपिल आदि मौजूद रहे।

## जयरीन को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा के मोहल्ला आतिशबजान निवासी समीर शेख गांव मिल्कीपुर खैरपुर के हजरत ख्वाजा सुलेमान रह अलेह वार्षिक उर्स में गए थे। उर्स में मिले कुछ लोगों ने उनको घेर लिया और डंडों से पीटकर घायल कर दिया। समीर शेख को मृत अवस्था में समझकर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया और रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेंशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

## कोतवाली में भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

**पुवायां, अमृत विचार :** नगर के राजीव चौक, राजा मार्केट, खुटार रोड, लखपेड़ाबाग मार्केट में भक्तों ने भगवान बालाजी की पूजा अर्चना कर बूंदी, पूड़ी सब्जी, हलुआ, शरबत प्रसाद स्वरूप वितरण करवाया।

नगर के खुटार रोड स्थित बालाजी मंदिर भूमि पर मंदिर कमेटी के लोगों ने भंडारे का आयोजन कराया।, कोतवाली में पुलिस की ओर से पूड़ी सब्जी प्रसाद स्वरूप वितरित कराई गई।, देवस्थान मंदिर पर नगर उद्योग व्यापार मंडल के नगर उपाध्यक्ष हरि प्रकाश गुप्ता ने भंडारे का आयोजन कर श्रद्धा पूर्वक भंडारा खिलाया। अन्नपूर्णा जलपान के पास रामकुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, लालाराम, विप्लव अग्निहोत्री, आनंद, अथर्व भट्ट, निष्ठा भट्ट, पिंकू भट्ट, मुकेश, सुरजीत, हिमांशु, अमित गुप्ता, छोटू, बउआ, दिनेश कटियार समेत तमाम भक्तों ने प्रसाद वितरित किया। वहीं बंडा रोड पर धर्मगंदापुर के पास शिक्षिका अलका दुबे और अनुरोध दुबे ने शरबत वितरण कराया।

## शिव मंदिर पर भंडारे में जुटे तमाम लोग

**खुदागंज।** नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित शिव मंदिर पर माह के चौथे मंगलवार को भंडारे का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसमें मोहल्ले के लोगों ने सामूहिक रूप से आयोजन कर कार्यक्र को सफल बनाया7 इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, श्रीपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, डॉ. राजीव सक्सेना, बेचेलाल मिश्रा, कृपाल सिंह, राजीव सिंह, विजय सिंह, रोहित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जिले में पूजे मारूति नंदन, जगह-जगह हुए भंडारे

## राहगीरों को शरबत पिलाकर गला किया ठंडा, श्रद्धाभाव से लोगों को भंडारा खिलाते रहे सेवादार, जुटी भीड़

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को भी धर्म-कर्म में विश्वास रखने वालों ने पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ भंडारों और शरबत वितरण का आयोजन किया। सुबह से ही महानगर में जगह-जगह टेंट और स्टाल लगने शुरू हो गए थे। पूर्वांह 11 बजे के आसपास लोगों ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर भंडारे शुरू कर दिए। गर्मी से परेशान राहगीरों ने शीतल शरबत, सोडा शिकंजी का आनंद लेते हुए गला तर किया। वहीं, सब्जी-पूड़ी आदि के भंडारों में पेट पूजा भी की। यह सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा।

ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार को खिरनीबाग स्थित शिव मंदिर पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर ने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाकर जय हनुमान का उद्घोष किया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी हलवा का प्रसाद वितरित किया। राहगीरों ने प्रसाद का आनन्द लिया। श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाया। महासभा के पदाधिकारियों ने भी भंडारे में भक्तों को प्रसाद खिलाया। भंडारे में दीप ओमर, गौरव ठाकुर, विनोद सिंह, प्रिन्स वाजपेयी, अमित सक्सेना, निर्वेश पांडेय, मनीष सिंह, विनीत राठौर, दानवीर सिंह आदि ने सहयोग किया।

खिरनीबाग चौराहे के पास जीआईसी रोड पर भी भंडारे का आयोजन किया गया, यहां पनीर की सब्जी और पूड़ी का भक्तों ने भंडारे के प्रसाद में आनंद लिया।

सेंट्रल बार एसोसिएशन ने चौथे बड़े मंगलवार को जजी परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें जनपद न्यायाधीश ने भगवान हनुमान के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, वादकारियों और राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय वर्मा, पशुपतिनाथ दीक्षित, अवधेश सिंह , ज्ञान देव दीक्षित, सुमित अवस्थी, कलीम खान, जसविंदर सिंह बजाज, जगदीश कश्यप, आंचल दीक्षित, राजवीर सिंह यादव, अरशद अब्बास, आदित्य सक्सेना, सूर्य प्रकाश गुप्ता, प्रमोद यादव आदि रहे।

सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था कर्मयज्ञ ने जेठ के चौथे मंगलवार पर कच्चा कटरा स्थित डॉ. संजय पाठक ईएनटी क्लीनिक के बाहर राहगीरों के लिए सोडा शिकंजी का स्टाल लगाया। पहले भगवान हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर पूजा की गई। मोती चूर के लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके बाद शिकंजी का वितरण शुरू हुआ। गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए वाटर फैन की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर डॉ. संजय पाठक, राजकुमार सक्सेना, डॉ. संजीव कनौजिया, डॉ. रिजवान खान, डॉ. अभिनव रस्तोगी, डॉ. केडी सिंह, विवेक तुली राजा, संजीव मिश्रा, केके सिंह, अजय अग्रवाल, अनुपम सिंह, संजय पाल, मनीष कपूर, गौरव अरोरा, आशीष तुली, रजनीश गुप्ता, संजय श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।

आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर में हवन-पूजन के अनुष्ठान के उपरांत राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इस पुण्य कार्य में संस्थान के सदस्यों ने अपने हाथों से प्रसाद परोसा। राहगीरों ने भक्तिभाव से भरे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा आयोजन में विश्व मोहन वाजपेयी, हरि शरण वाजपेयी, सीमा वाजपेयी, नीरज वाजपेयी, अभिषेक, आस्था, नैमिष, तीर्थ वाजपेयी आदि का सहयोग रहा। पूरे कार्यक्रम में राम नाम के भजन-कीर्तन गूंजते रहे।



जीआईसी रोड पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते राहगीर। ● अमृत विचार



खिरनीबाग स्थित रामचरण लाल धर्मशाला में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।



पुवायां में शरबत वितरित करते लोग।



राहगीरों को शरबत वितरित करते हिन्दू महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## हनुमान समिति और बृज विहार कॉलोनी ने कराया प्रथम विशाल भंडारा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बृजेश्वर नाथ हनुमान सेवा समिति बृज विहार कॉलोनी के तत्वावधान में प्रथम विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हनुमान भक्तों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की शुरुआत होने से पूर्व सभी हनुमान भक्तों ने कन्या पूजन कर कन्या भोज का कार्यक्रम किया, जिसमें सभी बृज विहार वार्ड वासियों व कॉलोनी वासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर हजारों हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसमें निगम के नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, संजीव मिश्रा, आशीष भदौरिया, पंकज भदौरिया, कृष्ण गोपाल गुप्ता, संजीव गुप्ता, पार्षद रामबरन सिंह चंदेल, अनुराग शुक्ला, पवन सिंह, लल्ला भैया, सुभाष मिश्रा, सर्वेश शुक्ला, प्रेम कुमार अरोड़ा, सौरभ पांडे, टिंकू प्रधान, अरुण कठेरिया, विपुल, आकाश, धर्मेन्द्र सिंह आदि हनुमान भक्त उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

### पूर्वांचल महासभा बच्चों को सम्मानित करेगी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के समस्त अभिभावक पदाधिकारी एवं सदस्य लोगों को अवगत कराया है कि हाईस्कूल और इंटर में 80 प्रतिशत से ऊपर जो भी बच्चे पास हुए है। अपनी मार्कशीट की फोटोकॉपी एवं नाम-पता गोविंदगंज गांधी आश्रम पर जाम कर सकते है। पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के बच्चों को सम्मानित करेगी।

### नेपाल में बोरिंग मिस्त्री की करंट से मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी 28 वर्षीय रविन्द्र पाल नेपाल के जनमपुरी में बोरिंग का काम करने के लिए गया था। 31 मई को बोरिंग करने के बाद लोहे का पाइप लगा रहा था और हाईटेंशन लाइन में लोहे की पाइप छू गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गयी।

# 25 किलो मीटर साइकिल राइड का हुआ आयोजन

- साइकिल क्लब की ओर से किया गया आयोजन
- जलालाबाद विधायक के भाई ने किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** साइकिल क्लब के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में पच्चीस किमी साइकिल राइड का आयोजन कैंट स्थित आर्मी गेट से किया गया। इस अवसर पर राइड का शुभारंभ करते हुए जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा के भाई और समाजसेवी शिव प्रकाश वर्मा ने कहा कि शाहजहांपुर साइकिल क्लब की स्थापना का उद्देश्य शहर को उसके ऐतिहासिक गौरव से भी जोड़ना है। शहर शाहजहांपुर अपनी प्राकृतिक विविधिता, हरित आवरण, नम और हरित भू परिदृश्य के लिए जाना जाता था। बढ़ते ऑटोमोबाइल और वाहनों ने यहां सिर्फ प्रदूषण ही छोड़ा है, जिससे निपटने के लिए साइकिल को बढ़ाया जाना जरूरी था। यही नहीं अपितु साइकिल परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुधरती है तथा इसके स्वास्थ्य संबंधी फायदे लाजवाब है। मॉर्निंग वॉकर्स क्लब के अध्यक्ष डा. अनिल त्रेहन ने कहा कि एक अनुसंधान के मुताबिक अगर कोई तीन महीने तक पंद्रह किमी रोजाना साइकिल चलाता है तो उसका स्टैमिना लेवल दस साल पहले की उम्र में पहुंच जाता है। यह हार्ट, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर का रामबाण इलाज है। डीडीओ पवन कुमार सिंह ने बताया कि साइकिल परिवार की आर्थिक मित्र है।

अगर बाइक्स और कार की जगह इसका उपयोग किया जाए तो छोटी छोटी बचते, भविष्य में बड़ी हो जाती है। यह अच्छा है कि इस क्लब में तकरीबन सौ से ज्यादा सक्रिय सदस्य इससे जुड़े है जो प्रत्येक रविवार को सामूहिक रूप से भी साइकिल राइडिंग करते है। इसके अतिरिक्त यह साइकिल क्लब आनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से विश्व के बड़े शहरों की साइकिल एसोसिएशन से भी जुड़ा हुआ है, जिसके क्रम में पचास और सौ किमी की साइकिल राइडिंग की प्रतियोगिताएं समय समय पर आयोजित की जाती है। क्लब द्वारा सामूहिक रूप से भी लंबी दूरी की यात्राएं की गई है। आज की विशिष्ट राइड का आयोजन आर्मी गेट से शुरू होकर रिंग रोड से तक बाबा त्रिलोकीनाथ मंदिर परिसर तक किया गया। इस अवसर पर क्लब के संस्थापक डा. विकास खुराना, जितेंद्र नाथ गुप्ता एडवोकेट, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र गंगवार महासचिव मोहित मेहरोत्रा, डा. विकास पांडेय, गजेंद्र गंगवार, सरदार राजू बग्गा, अमित श्रीवास्तव, आरिफ खान, अल्वीया खान, डा. शाहजेब खान, इंद्रजीत सचदेव, संतोष महेंद्रू, गप्पी बाबू सहित अनेक लोगों ने राइड में प्रतिभाग किया।



साइकिल क्लब के आयोजन में बच्चों के साथ साथ बड़े लोग भी शामिल हुए। ● अमृत विचार

# कागजों में हो रहा खेल

- कटरी में नही खुल रहे आंगनबाड़ी केन्द्र
- जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा पोषाहार और खाद्य सामग्री

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** कटरी क्षेत्र में बाल विकास योजना सिस्टम में उलझ कर रह गई है। अधिकारियों की अनदेखी से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं हो पा रहे हैं।

बाल पोषाहार व अन्य खाद्य सामग्री बच्चों और महिलाओं को नहीं मिल पा रही है। जिला मुख्यालय से दूर होने से कलान ब्लाक क्षेत्र में सरकारी योजना दम तोड़ रही हैं। विकासखड में बाल विकास विभाग केंद्र संचालित होने का दावा कर रहा है लेकिन हकीकत अलग ही है। कलान कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में केन्द्र कहां चल रहे हैं यह किसी को पता नहीं है।

शासन केंद्रों पर विभिन्न योजनाओं के तहत खाद्य सामग्री भेज रहा है लेकिन इसका वितरण करने में भी खेल किया जा रहा है। बाल पोषाहार दाल घी समेत अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण किया जाना चाहिए लेकिन इनका वितरण नहीं हो पाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि जो खाद्य सामग्री वितरण के लिए आती है उसे आंगनबाड़ी कार्यकत्री ब्लैक में बेच देती हैं। जब कोई वितरण करने की बात कहता है तो उसे सामग्री ना आने की बात कहकर शांत कर दिया जाता है। केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को कुपोषण आदि समस्या से बचाने के लिए जानकारी भी दी जानी चाहिए। लेकिन जब केंद्र ही नहीं खुलते तो जानकारी कैसे मिले। महिलाएं बच्चे विभिन्न जानकारियों से वंचित रह रहे हैं। उन्हें सही सलाह न मिल पाने के कारण कटरी क्षेत्र में गर्भवती महिलाएं व बच्चे तमाम तरह की बीमारियों से भी ग्रस्त हो जाते हैं।

यह सब गोल मोल हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बाल विकास विभाग के अधिकारियों के पास इतना समय नहीं है कि वह इस समस्या को देखें और केंद्रों का संचालन कराएं। विभाग के अधिकारी गांव में जाने की जहमत नहीं उठाते हैं उनकी लापरवाही के कारण आंगनबाड़ी कार्यकत्री अन्य कर्मचारी अपनी मनमानी करते हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत डीएम से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# कथा में यमुना व कालिया वध का किया वर्णन

कार्यालय संवाददाता, कुर्रिया कला

**अमृत विचार :** मल्हपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठें दिन कथा व्यास सत्यदेव महराज ने श्री कृष्ण का मिट्टी खाना, यमुना कथा व गोपियों का प्रसंग व कालिया नाग का प्रसंग सुनते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़े कई रोचक किस्से हैं। ऐसा ही एक किस्सा है कालिया नाग का। श्री कृष्ण ने अपनी लीला से उसका घमंड चूर-चूर कर दिया था।

बताया कि यमुना को कालिया नाग ने अपना घर बना लिया और नदी के पानी को अपने विष से जहरीला कर दिया। उस पानी को पीकर पशु-पक्षी और गांव के लोग मरने लगे थे। एक बार खेलते खेलते श्री कृष्ण की गेंद यमुना में चली गई। कोई भी नदी में जाने को तैयार नहीं हुआ। तब श्री कृष्ण ने नदी में छलांग लगा दी। बच्चों ने यशोदा को कन्हैया के नदी में कूदने की बात बता दी। नदी में कृष्ण को देखकर कालिया नाग की पत्नियों ने उन्हें वापस जाने को कहा, लेकिन कृष्ण नहीं माने तभी कालिया नाग जाग गया। कृष्ण ने कालिया नाग को यमुना नदी छोड़ने का आदेश दिया, लेकिन कालिया नाग ने मना कर दिया और कृष्ण को मारने के इरादे से उन पर हमला कर दिया। कृष्ण और कालिया नाग की जोरदार लड़ाई हुई और उन्होंने कालिया नाग को हरा दिया। कथा में मुख्य यजमान रामबाबू मिश्रा, विपिन मिश्रा और राकेश मिश्रा रहे। कथा भाजपा नेता जेपी मिश्रा, अनुज मिश्रा, अमित मिश्रा, बैजनाथ मिश्रा ,अंबिका प्रसाद मिश्रा, आलोक मिश्रा, बबलू तिवारी, ईश्वरचंद्र मिश्रा, ललित मिश्रा, संत कुमार शुक्ला, कमलेश शुक्ला आदि भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



कथा व्यास को मुकुट पहनाकर सम्मानित करते ग्राम प्रधान अनुराग।

## ऊबड़ खाबड़ मार्ग से गुजरने को मजबूर लोग

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** ददरौल विधान सभा क्षेत्र में पड़ने वाले गांव सिसनई मोड़ से कस्बे को जोड़ने वाले डामरीकृत रोड की हालत दयनीय बनी हुई है। लोग ऊबड़ खाबड़ मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। नेशनल हाईवे से चांदापुर चौहनापुर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर पड़ने वाले गांव सिसनई के पास से नागरपाल गर्रा पुल तक जाने वाले मुख्य सम्पर्क मार्ग से अपने दोपहिया, चार पहिया वाहन लेकर गंतव्य को जाने वाले वाहन चालक सड़क मार्ग पर उखड़ी पड़ी बजरी तथा गड्ढों के कारण बहुत ही धीमी गति से करीब ढाई किमी तक का सफर तय करना पड़ता है। वहीं रास्ते में जरा सी लापरवाही होने पर हादसे का शिकार हो घायल हो जाते हैं।



## शहर में आज

- यातायात महकमा की ओर से चौराहों पर चेकिंग अभियान सुबह 10 बजे।
- कैंप कार्यालय पर युवा क्रांतिकारी छात्र संगठन की मासिक बैठक दोपहर 12 बजे।

### बिल्सी में आज मनाया जाएगा महेश नवमी महोत्सव

**संवाददाता, बिल्सीअमृत विचार :** नगर के माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में श्री माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस (महेश नवमी महोत्सव) के रूप में चार जून को नगर के महेश बाल इंटर कालेज में गत वर्षो की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी रहेगें। सभासद प्रखर माहेश्वरी ने बताया कि सुबह नौ बजे श्री भगवान महेश का पूजन व हवन किया जाएगा। शाम को छह बजे दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण, वंदना कार्यक्रम होगा। इसी क्रम में अतिथि स्वागत एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगें। इसके अलावा इस वर्ष के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं और समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा।

# नौ घंटे गुल रही बिजली, तीन लाख लोग हुए परेशान

## बिजली घर से सप्लाई रही ठप, लाइन ठीक कर शुरू की सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ढाक वाली जियारत के बिजलीघर से आधी रात से ठप हो गयी बिजली

**अमृत विचार :** शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर की ओसीवी में आधी रात को धमाका हो गया जिससे पूरे इलाके की बिजली गुल हो गयी। करीब नौ घंटे तक तीन लाख से अधिक लोग रात भर गर्मी में परेशान रहे। मंगलवार सुबह ओसीवी की मरम्मत करने के बाद सप्लाई शुरू हुई जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

सोमवार की रात 12 बजे ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर की ओसीवी में अचानक धमाका हो गया। जिससे पूरे इलाके की बिजली गुल हो गयी। रात में बिजली गुल होने के बाद लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे। लेकिन बिजली सप्लाई शुरू नहीं हुयी। बिजली गुल होने से शहर का मंडी समिति क्षेत्र, मझिया रोड, हाईडिल स्थित कॉलोनी, सिविल लाइन क्षेत्र और ककराला रोड के डेढ़ दर्जन गांवों में हाहाकार मच गया। करीब तीन लाख से अधिक उपभोक्ता बिजली संकट से जूझते रहे। मंगलवार को सुबह नौ बजे सप्लाई शुरू की गयी जिसके बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। ओसीवी जल जाने के बाद कर्मचारियों ने इसकी सूचना अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार को दी। संजीव कुमार ने रात में ही ओसीवी ठीक करने के निर्देश दिए। लेकिन रात में ओसीबी ठीक नहीं हो सकी। सुबह पांच बजे एसडीओ पूरन लाल ने ओसीवी ठीक करनी शुरू की जिसके बाद आठ बजे तक ओसीवी ठीक हो सकी। उसके बाद बिजली घर की लाइन चालू कर देखी गयी। लाइन में गड़बड़ी न होने पर सप्लाई शुरू की गयी।

> ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर की ओसीवी जल गयी। जिससे रात को कई घंटे तक इस क्षेत्र की सप्लाई ठप रही। रात में ही कर्मचारियों ने ओसीवी ठीक कर सप्लाई शुरू कर दी। अब पूरे क्षेत्र में बिजली सुचारू कर दी गई है। कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली है।
>
> **संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम

सोमवार की आधी रात से बिजली गुल हो जाने पर गर्मी से परेशान लोग घरों से बाहर निकल आए। रात भर लोग सो नहीं सके। इधर उधर टहलते हुए समय गुजारा। ग्रामीण क्षेत्रों में रात को लोग छतों पर सोए, मगर गर्मी और मच्छरों के चलते रात भर परेशान रहे।

विद्युत उपकेंद्र की ओसीवी जल जाने से अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए। रात में पनबड़िया बिजली घर और कोतवाली बिजली घर से कर्मचारी बुलाए गए करीब दर्जन भर कर्मचारियों ने चार घंटे तक मशक्कत करने के बाद लाइन शुरू की गयी।

### तीन माह से ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** अलीनगर गांव का ट्रांसफार्मर तीन माह से खराब है। इसके चलते गर्मी में लोग बेहाल हैं। बार-बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारी इसे ठीक नहीं करा रहे हैं। ग्राम प्रधान का आरोप है कि जेई से कई बार फूंका ट्रांसफार्मर बदलवाने की शिकायत की तो उन्होंने कहा कि गांव से चंदा इकट्ठा करके रुपये दो, तब ट्रांसफार्मर बदला जाएगा। अलीनगर गांव का खराब ट्रांसफार्मर कई दिनों से फुंका है। गांव में बिजली नहीं है। गर्मी में ग्रामीण परेशान हैं, लेकिन अफसर इस समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की समस्या जस की तस बनी हुई है। ट्रांसफार्मर न बदले जाने से भारी रोष व्याप्त है। प्रदर्शन करने वालों में टीटू, शीलू, विनोद, अरविंद, संजू, जोनी, नरेंद्र, रामनिवास, विजय कुमार, रामेश्वर अशोक कुमार, कालीचरण, राजवीर, शिवनारायण, चेतन राम, राम खिलाड़ी समेत अनेक लोग शामिल रहे।



ट्रांसफार्मर के पास खड़े होकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

> ग्राम प्रधान से कहा था कि गांव के लोगों से बिजली का बिल जमा कराएं तब ट्रांसफार्मर बदला जायेगा। अगर लोग बिल जमा नहीं कराएंगे तो किसी हाल में फूंका ट्रांसफार्मर नहीं बदला जायेगा। प्रधान से चंदा इकट्ठा करके रुपये मांगने की बात झूठी है।
>
> **अनुराग मिश्रा** – जेई ग्रामीण, इस्लामनगर

# हेपेटाइटिस के 146 मरीजों को दी गई दवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 26 मरीजों की होगी जांच, 12 का कराया एक्स-रे
- जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में आ रहे हेपेटाइटिस के मरीज

**अमृत विचार :** हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या बढ़ने से चिकित्सक भी हैरान हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद अधिकांश मरीजों को हेपेटाइटिस सामने आ रहा है। मंगलवार को भी सैकड़ों लोगों को दवा दी गयी। अनेक मरीजों का एक्सरे कराया गया।

जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस के मरीजों की निशुल्क जांच होती है और निशुल्क ही इलाज किया जाता है मंगलवार को 126 मरीज देखे गए। 46 नए मरीजों को जांच कराने को लिखा गया। दर्जन भर मरीजों के एक्सरे कराए गए।

चिकित्सकों का कहना है कि अब जिन मरीजों के ब्लड सैंपल जांच को भेजे जाते हैं उनमें से 90 प्रतिशत को हेपेटाइटिस निकलता है। पहले से कहीं अधिक संख्या में हेपेटाइटिस के मरीज आते हैं। मंगलवार और शुक्रवार को जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस के मरीज देखे जाते हैं। इसलिए मरीजों की भीड़ अधिक रहती है।

चिकित्सक राजेश वर्मा ने कहा कि बुखार का समय पर इलाज न कराने, साफ सफाई से न रहने और दूषित पानी पीने से हेपेटाइटिस की बीमारी होती है। अधिकांश मरीज ग्रामीण इलाकों से आते हैं।

### मास्क लगाना अनिवार्य

हेपेटाइटिस के मरीजों को अब मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। अन्य लोगों से दूरी बना कर आने जाने की हिदायत दी गई है। हेपेटाइटिस के मरीजों को भीड़भाड़ के बीच न जाने को कहा जाता है, जिससे अन्य लोग संक्रमित न हों।

# बारिश से गिरा पारा, गर्मी से मिली राहत

- सुबह से छाए थे बादल, शाम को हुई झमाझम बारिश, कई स्थानों पर हुआ जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** लगातार बदल रहे मौसम के बीच शाम के समय तेज हवा के बीच झमाझम बारिश हुई। करीब 15 मिनट की बारिश से कई स्थानों पर जलभराव हो गया। जिससे लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी।

मंगलवार को बूंदाबांदी हुई। मंगलवार को सुबह से ही धूप-छांव जैसा मौसम बना रहा और लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। वहीं, शाम के समय तेज हवा के साथ बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कृषि विभाग की माने तो कई दिन तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना हैं।

कई दिनों आसमान में बादल बन और बिगड़ रहे थे। तेज हवाएं चल रही थीं, लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। मंगलवार को भी सुबह से ही ऐसा ही मौसम था। बादलों के बीच खिल रही धूप से बनी उमस ने भी लोगों को बेहाल कर दिया। शाम होते ही मौसम ने करवट बदली और आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते बरसात शुरू हो गई। करीब 15 मिनट हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

बारिश होने के चलते तापमान में कमी आई। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर करीब 15 मिनट तक हुई झमाझम बारिश के चलते शहर के कई स्थानों पर जलभराव हो गया, जिसकी वजह से लोगों का आने जाने में दिक्कत हुई। कृषि विभाग के अधिकारी कहते हैं अभी कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। बुधवार को बारिश होने की आशंका बनी हुई है।



मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर गिरा पाकड़ का पेड़। ● अमृत विचार

### एम एफ हाइवे पर गिरा पेड़, घंटों जाम में फंसे रहे वाहन

**ओरछी, अमृत विचार :** मंगलवार की शाम आयी तेज आंधी बरसात में मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से यातायात ठप हो गया। घंटों राहगीर जाम में फंसे रहे। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका व खेड़ा दास के नजदीक मंगलवार की शाम को तेज आंधी पानी आया। जिससे जगह-जगह हरे भरे पेड़ गिर गए। मुरादाबाद राजमार्ग पर पाकड़ का एक पुराना पेड़ गिर गया। जिससे काफी देर तक यातायात बाधित रहा। राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया। रोडवेज बसें जाम में फसी रहीं। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस जाम खुलवाने पहुंची। लगभग दो घंटे के बाद राजमार्ग से पेड़ हटाया जा सका। तब कहीं जाकर जाम खुला। जाम में दर्जनों वाहन फंसे रहे। यह वाहन दूसरे मार्ग से आगे निकले। बारिश के चलते जगह जगह पानी भर गया।

## 40 शिक्षकों ने किया कार्यभार ग्रहण, 130 हुए रिलीव

**बदायूं, अमृत विचार:** परस्पर स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत जिले को 143 शिक्षक मिले हैं। इनमें से अब तक 40 ने विभाग में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया है। अभी 103 शिक्षक आने शेष हैं। वहीं दूसरे जनपद जाने वाले 143 में से 130 को रिलीव कर दिया गया है। 13 अभी शेष है। बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण प्रक्रिया जारी है। परस्पर स्थानांतरण नीति के तहत जिले के 143 शिक्षक जोड़े बनाने में कामयाब हुए थे। इन शिक्षकों को बेसिक शिक्षा विभाग रिलीव कर रहा है। अब तक 130 शिक्षक रिलीव कर दिए गए हैं। जितने शिक्षकों का दूसरे जनपदों में स्थानांतरण हुआ है, उतने ही शिक्षक आए भी हैं। दूसरे जनपदों से आने वाले 143 शिक्षकों में से 40 ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सभी शिक्षकों को 5 जून तक रिलीव कर दिया जाएगा। बाहर से आने वाले शिक्षकों कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत स्कूल आवंटित किए जाएंगे।

# गंगा दशहरा पर रूट किया डायवर्ट



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी, पुलिसकर्मी और अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- चार से 5 जून की शाम तक व्यवस्था रहेगी लागू

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। श्रद्धालुओं की भीड़ की आशंका के चलते वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने पुलिस परेड ग्राउंड स्थित सभागार में गंगा दशहरा, बकरीद के चलते पीस कमेटी की बैठक करके निर्देशित किया।

एसएसपी ने बताया कि गंगा दशहरा पर 5 जून को कछला गंगा घाट पर हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। भीड़भाड़ के चलते वाहनों का रूट बदला गया है। 4 जून से 5 जून की शाम तक निर्धारित रूट पर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। बदायूं से अलीगढ़, मथुरा, राजस्थान की ओर जाने वाले भारी व मध्यम वाहन उझानी, मुजरिया चौराहा, सहसवान, जरीफनगर, गुन्नौर होते हुए जाएंगे। कासगंज, एटा, आगरा जाने वाले वाहन नौशेरा, कादरचौक होते हुए भेजे जाएंगे। मुजरिया चौराहे से कोई भारी व मध्यम वाहन कासगंज की ओर नहीं भेजा जाएगा। कछला रोड सहसवान से भी कोई वाहन कासगंज की ओर नहीं जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहसवान तिराहा, मुजरिया चौराहा, सहसवान कस्बा से वाहनों के रूट डायवर्ट होंगे। एसपी देहात डॉ. केके सरोज मौजूद रहे।

# विवेचना में बाधा बन रहे बाबू का ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो मुकदमों की जांच कर रही थाना सिविल लाइन पुलिस
- शिकायत के बाद बाबू के खिलाफ जेडी स्तर से चल रही जांच

**अमृत विचार:** बीएसए कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक पर विभिन्न मामलों में थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज हैं। इनकी विवेचना थाना पुलिस कर रही है। साथ ही कई मामलों को लेकर जेडी स्तर से भी जांच चल रही है। उक्त लिपिक पुलिस की विवेचना में बाधा उत्पन्न करने के साथ ही जांच में रोड़ा बन रहा है। जिस पर बीएसए ने लिपिक का तबादला नगर क्षेत्र सहसवान में कर दिया। साथ ही अन्य कोई समस्या उत्पन्न हो उससे पूर्व ही उसे रिलीव करते हुए तत्काल ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए हैं।

बीएसए कार्यालय में कार्यरत लिपिक राजीव शर्मा पर धारा 420 धारा 406 और 506 अपराध में थाना सिविल लाइन में मुकदमा पंजीकृत हैं। इनके द्वारा एक व्यक्ति से मृतक आश्रित में नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपये लिए थे। जिसे वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। और उसका रुपया भी नहीं लौटाया। लिपिक द्वारा धोखाधड़ी एक और अन्य व्यक्ति से भी की। जिस पर पीड़ितों की ओर से थाना सिविल लाइन में मुकदमा पंजीकृत कराया था। मुकदमें की विवेचना थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। वहीं कई गंभीर आरोपों को लेकर कुछ लोगों के द्वारा लिपिक के विरुद्ध स्थानीय के साथ शासन स्तर पर की गईं। जिसका संज्ञान लेते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक को जांच के आदेश दिए गए थे।

शासन से मिले आदेश पर जेडी द्वारा डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच के आदेश जारी कर दिए, लेकिन उक्त लिपिक अपनी ऊंची पहुंचकर लाभ उठाकर पुलिस द्वारा की जा रही विवेचना में बाधा बन रहा था। साथ ही जो कमेटी जांच कर रही है। उसमें रोड़ा बना हुआ था, जिससे बेसिक शिक्षा विभाग की छवि धूमिल हो रही थी। ऐसी स्थिति होने पर बीएसए ने लिपिक राजीव शर्मा का सहसवान नगर क्षेत्र में स्थानांतरण कर उसे तत्काल रिलीव भी कर दिया।

> लिपिक के खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत हैं। उसके खिलाफ जांच भी चल रही है। जिसकी वजह से विभाग की छवि धूमिल हो रही थी। लिपिक को नगर क्षेत्र में स्थानांतरण करने के साथ रिलीव भी कर दिया है।
>
> **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

## चावल मिले गेहूं कोटेदारों को हुए सप्लाई, ग्रामीणों ने लेने से किया मना

**कादरचौक, अमृत विचार:** कोटेदारों को चावल मिले गेहूं इस बार सप्लाई किए गए हैं। जिसे ग्रामीणों ने लेने से इंकार कर दिया है। ग्रामीण मिलावट करने का आरोप लगा रहे थे। लेकिन कोटेदार जो भी गेहूं का बोरा खोल रहा था। उन सभी में चावल मिले हुए थे।

क्षेत्र के गांव लंभारी में कोटे की दुकान से राशन का वितरण हो रहा था। वहां पर उपस्थित लोगों ने गेहूं में चावल मिले होने पर आपत्ति जताई। जिस पर कोटेदार ने दूसरा बोरा खोल दिया, लेकिन बोरे में भरे गेहूं में चावल मिले हुए थे। इसके बाद कोटेदार ने एक एक कर कई बोरा खोले, सभी में चावल मिश्रित गेहूं भरे हुए थे। जिस पर ग्रामीणों ने राशन लेने से इनकार कर दिया। वहीं कोटेदार ने ग्रामीणों से कहा कि डीएसओ को इस संबंध में अवगत कराया जाएगा।

# गंगा घाटों की सुरक्षा के लिए डीएम ने नामित किए मजिस्ट्रेट

- सभी गंगा घाटों पर एसडीएम, तहसीलदार की लगाई है ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा का पर्व पांच जून को मनाया जाएगा। दशहरा पर कछला गंगा घाट सहित जिले के अन्य प्रमुख घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए डीएम ने गंगा घाटों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की है।

डीएम अवनीश कुमार राय ने कछला घाट (बदायूं की ओर) पर एसडीएम सदर मोहित कुमार, कछला घाट (कासगंज की ओर) पर तहसीलदार सदर दीपक कुमार, कछला पुल पर बीडीओ उझानी सर्वज्ञ अग्रवाल, अटैना घाट थाना उसहैत पर एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह, भुण्डी घाट थाना उसहैत पर तहसीलदार दातागंज सुरेंद्र कुमार, बेलाडांडी घाट पर नायब तहसीलदार दातागंज सतीश चंद्र मिश्र, सुकर्री घाट थाना सहसवान पर एसडीएम सहसवान प्रेम पाल सिंह और मालपुर घाट थाना ज़रीफनगर पर तहसीलदार सहसवान शर्मानन्द की तैनाती की गई है। डीएम ने घाटों पर नावों एवं गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखने के आदेश दिए हैं। कछला पुल पर यातायात सुचारु रखने हेतु बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने को कहा है।

### बकरीद को लेकर दो जोन में बांटा जिला, नामित किए स्टैटिक मजिस्ट्रेट

सात जून को बकरीद पर्व मनाया जाएगा। बकरीद पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जिले को दो जोन में बांटा है। जिसकी जिम्मेदारी एडीएम प्रशासन और एडीएम वित्त एवं राजस्व को दी हे। शहर में सिटी मजिस्ट्रेट को नामित किया है। इनके अलावा 23 अधिकारियों को थानावार मजिस्ट्रेट नामित किया गया हे। वहीं 11 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए हैं।

## मेला की अनुमति न देने की मांग पर धमकाया

**बदायूं, अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सखानू में लगने वाले मेला पर रोक लगाने की मांग करने पर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव भरकुइया निवासी व अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल को फोन करके धमकाया जा रहा है। उन्हें फोन करके अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। मुकेश ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि उन्होंने एक दरगाह पर मेला की अनुमति न देने की मांग की थी। कहा था कि यह मेला विदेश आक्रांता की दरगाह पर लगाया जाता है। जो नहीं लगना चाहिए। जिसके बाद उन्हें फोन करके धमकाया जा रहा है। उन्हें भाजपा और आरएसएस का एजेंट तक बताया।

# सीटी स्कैन सेंटर का लिया जायजा, भीड़ को किया बाहर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमएस ने देखा रिकार्ड, कहा बिना अनुमति के नहीं करें सीटी स्कैन
- जिला अस्पताल में सीटी स्कैन सेंटर पर लगाए कैमरे

**अमृत विचार :** डॉक्टरों के लिखने के बाद धड़ा धड़ सीटी स्कैन किए जा रहे थे। अब रोक लगाने के बाद मात्र ढाई से तीन दर्जन ही सीटी स्कैन हो रहे हैं जिससे सरकार का लाखों रूपया हर माह बच रहा है। दूसरे फर्जीवाड़े पर भी रोक लगी है। सीएमएस ने कैमरे लगा कर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

जिला अस्पताल में सेंटर पर मरीजों के निशुल्क सीटी स्कैन कराए जाते हैं। हर दिन सौ से अधिक सीटीस्कैन किये जाते हैं। दलाल भी यहां पर काम करते थे। जेबकतरे भी सक्रिय रहते थे। धक्का मुक्की के बीच चीख पुकार होती थी। अवैध वसूली की शिकायत कई बार सामने आ चुकी हैं। उक्त समस्याओं को देखते हुए जिला अस्पताल प्रशासन ने सीटी स्कैन कराने के नियमों में बदलाव कर दिए।

डॉक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वह हर किसी को सीटी स्कैन नहीं लिखेंगे। यदि मरीज को सीटी स्कैन की जरूरत है तो सीएमएस ही लिखेंगे उसके बाद सीटी स्कैन किया जाएगा। नियम बदल जाने के बाद अब मात्र 25 से 30 मरीजों के सीटी स्कैन ही होते हैं। इससे एक ओर तो अवैध वसूली पर रोक लगी है वहीं दलालों का आना जाना बंद हो गया है।



सीटी स्कैन सेंटर पर सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह। ● अमृत विचार

मंगलवार को सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने सीटी स्कैन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर मौजूद मरीजों से पूछताछ की। उसके पर्चे देखे। कितने लोगों का सीटी स्कैन किया गया है रिकार्ड देखा। सीटी स्कैन करने वालों की संख्या कम होने पर सीएमएस ने राहत की सांस ली हे। अब उन्होंने सीटी स्कैन सेंटर पर कैमरे लगा कर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी ने उनकी बिना अनुमति के सीटी स्कैन कराने का प्रयास किया तो ठीक नहीं होगा। अब सीसीटीवी कैमरों से मरीजों पर नजर रखी जाएगी, जिससे फर्जीवाड़ा पर अंकुश लग सके।

### लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

सीटी स्कैन सेंटर पर अब तक बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे थे, लेकिन अब सेंटर के अंदर भी आधा दर्जन कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे हर पटल पर नजर रखी जा सके। सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद लोगों में डर पैदा हो जाएगा।

> सीटी स्कैन सेंटर पर अब मात्र 25 से 30 सीटी स्कैन ही दिन भर में होते हैं जिससे सरकार का लाखों रूपया हर माह बच रहा है। जबकि इससे पहले करीब डेढ़ सौ मरीजों के हर दिर सीटी स्कैन कराए जाते थे। अब व्यवस्था में बदलाव करने के बाद से स्थिति सामान्य हो रही है।
>
> **डा. कप्तान सिंह** – सीएमएस

## देहात क्षेत्र में चला सफाई अभियान

**बदायूं, अमृत विचार:** गंगा दशहरा और बर्ड फ्लू को लेकर देहात क्षेत्र में सफाई अभियान चल रहा है। गोशालाओं के साथ ही गांव में गलियों की सफाई कराई जा रही है। मंगलवार को विभिन्न गांवों और गोशालाओं में सफाई कर्मियों ने सफाई की।

मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि देहात क्षेत्र में सफाई अभियान चल रहा है। गंगा दशहरा के चलते कछला गंगा घाट व सहित जनपद में 41 गंगा किनारे के ग्रामों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में संचालित गोवंश आश्रय स्थलों में भी सफाई कराई गई। साथ ही बर्ड फ्लू के चलते सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव एवं फागिंग भी कराई गई।



## शहर में आज

- सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज में माहेश्वरी समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा , शाम 5 :30 बजे।
- अथर्वेद परायण यज्ञ एवं वेदकथा वैदिक आश्रम प्रहलादपुर पर वेद कथा का आयोजन होगा, सुबह 7 बजे।
- समाजवादी पार्टी के द्वारा पीतम नगर हरौड़ा पर पीडीए चौपाल एवं जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा, शाम 5 बजे।
- सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खंड पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा, सुबह 11 बजे।

## एक नजर

### 372 ग्राम नशीला पाउडर सहित एक गिरफ्तार

**पटियाली, अमृत विचार** : मंगलवार की सुबह पटियाली क्षेत्र से पुलिस ने राहिद निवासी ग्राम सुजावलपुर गंजडुंडवारा को भरगैन जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 372 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम बरामद हुआ है। थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

### तमंचा व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**पटियाली, अमृत विचार** : चेकिंग के दौरान भरगैन मार्ग से पुलिस ने शौबी पुत्र याशीन निवासी ग्राम सुजावलपुर गंजडुंडवारा को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद किए गए। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर रिपोर्ट धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### प्रेमचन्द्र शर्मा ने लिया देहदान का संकल्प, किया सम्मानित

**बदायूं, अमृत विचार** : मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में प्रेमचन्द्र शर्मा 61 वर्ष, निवासी सिविल लाइन ने स्वप्रेरणा से देहदान का संकल्प लिया । उन्हे संकल्प प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. मुकत्याज हुसैन तथा लैब टेक्नीशियन बॉडी इंजेक्टर प्रमोद कुमार द्वारा देहदान का पंजीकरण कराया गया एवं संकल्प पत्र भरवाया गया।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने व मारपीट के तीन वांछित गिरफ्तार

**अमांपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र के ग्राम गैंदूपुरा में 29 मई को पंचशील झंडों के उतारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने व गाली गलौच एवं मारपीट किए जाने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज की गई। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, मारपीट व गाली गलौज किए जाने के मामले में वांछित आरोपी गांव के ही अजय, सुनील एवं रंजीत को पुलिस ने गांव गैंदूपुरा से गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

खबरे www.amritvichar.com पर भी पढ़े।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

## डीएम को सौंपा ज्ञापन, ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग, मालवीय आवास गृह पर कई संगठनों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : गर्मियों की छुट्टी स्वीकृत करने सहित अन्य कई मांगों को लेकर आंगनबाड़ी मिनी आंगनबाड़ी सहायिका संगठन से कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

मंगलवार को मालवीय आवास गृह पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए कई अहम मुद्दे उठाए। जिलाध्यक्ष सुधा कुमार उपाध्याय ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्हे 5जी मोबाइल नहीं दिए जा रहे हैं। ऑनलाइन काम करने में दिक्कत आ रही है। आंगनबाड़ी संगठन ने मांग की कि उन्हे ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाए। कर्मचारियों की तरह वेतन ओर फंड पेंशन दी जाए।आंगनबाड़ी कर्मचारियों को सिविल सेवक घोषित किया जाए। ऑनलाइन कार्य के लिए अलग से 2500 रुपए दिए जाएं। ऑनलाइन काम के दबाव से मुक्त किया जाए।

उन्हे दिया जाने वाला रुपया उनकी पासबुक में दर्ज किया जाए।राशन डीलर और स्वयं सहायता समूह को आंगनबाड़ियों के बीच से हटाया जाए।राशन की लूट खसोट को बंद कराया जाए।उक्त मांगों को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। इस मौके पर सुषमा गंगवार प्रदेश मंत्री, ममता रानी, अनुराधा सक्सेना, धर्मशीला, प्रीति यादव, उषा देवी, बिंदेश्वरी शर्मा, मालती देवी,संध्या, अर्चना शर्मा, प्रियंका पटेल नीतू, किरण गुड्डी, आभा शर्मा, आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



मालवीय आवास गृह पर प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी कार्यक्रत्रियां। ● अमृत विचार



धरना देते दिव्यांग सेवा समिति कार्यकर्ता ● अमृत विचार

### दिव्यांग सेवा समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार** : अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांग सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया है कि जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता है जिससे उनमें रोष है। मंगलवार को मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव ने कहा कि दिव्यांग अधिनियम 2016 को पूरी तरह लागू किया जाए। यूडीआईडी कार्ड को ही अंत्योदय व आयुष्मान कार्ड में तब्दील किया जाए। दिव्यांगों को रोजगार मुहैया कराया जाए। उनके आश्रित बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाए। विद्युत बिल व रसोई गैस के कनेक्शन निशुल्क दिए जाएं। रोजगार को दस लाख तक का ऋण बिना ब्याज का दिया जाए। रोडवेज बसों में अभद्रता करने वाले चालक परिचालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उक्त मांगों को लेकर दिव्यांगों ने डीएम को ज्ञान सौंपते हुए जल्द समस्याओं के समाधान की मांग की। इस मौके पर सुदीश कुमार,विकास शर्मा, रामजीत, मुशाहिद, ललित कुमार, आरिफ अली, रामकिशोर, राजपाल, हाकिम सिंह, आकिब अली, धर्मवीर शर्मा, आदि दिव्यांग मौजूद रहे।

# खंगाली जा रही पेट्रोल पंप के किरायेदारी की फाइल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मामला हाईलाइट होने तथा शासन स्तर तक पहुंचने पर ईओ ने तलब की पत्रावली
- जमीन का किराया कम किए जाने को लेकर शासन में की गई है शिकायत

**अमृत विचार**: गलत तरीके से नगर पालिका की जमीन का अनुबंध किए जाने लेकर मामला हाई प्रोफाइल हो गया है। बात शासन स्तर तक पहुंच चुकी है। मामला हाई प्रोफाइल होने के बाद नगर पालिका में पत्रावलियां खंगाली जानी शुरू कर दी हैं। प्रभारी ईओ सिटी मजिस्ट्रेट ने लिपिक को तलब कर अनुबंध संबंधी पत्रावली मंगाई है।

शहर के बाबूराम मार्केट स्थित गोपी नाथ पेट्रोल पंप का संचालन नगर पालिका की जमीन पर हो रहा है। इस जमीन पर पेट्रोल पंप संचालित रखने के लिए नगर पालिका ने वर्ष 2021 में हुई बोर्ड बैठक में 9211 मासिक किराया तय करते हुए 2029 तक अनुबंध किया था। आरोप है कि 18 फरवरी को गुपचुप बैठक कर जमीन का मासिक किराया 400 रुपये करते हुए नया अनुबंध कर दिया गया। जिसकी शिकायत शासन स्तर पर हुई है। जिसमें आरोप यह भी हैं कि पेट्रोल पंप संचालक को नगर पालिका की जमीन का अनुबंध शासन की मंजूरी लिए बिना और राजनीतिक दबाव में आकर नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी करते आ रहे हैं। इस प्रकरण के तूल पकड़ने पर नगर पालिका प्रशासन में हड़कंप मचा है। छुट्टी पर गए प्रभारी ईओ सिटी मजिस्ट्रेट ने पटल देख रहे लिपिक को तलब करते हुए पत्रावली मंगाई है। पत्रावली मांगने पर कहा जा रहा है कि अनुबंध निरस्त हो सकता है।

> जमीन का अनुबंध मेरे समय में नहीं हुआ था। अभी कुछ दिनों से मैं छुट्टी पर था। जमीन के अनुबंध किए जाने संबंधी फाइल मंगाई है। उसका अवलोकन करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-सुरेश पाल सिंह, प्रभारी ईओ, सिटी मजिस्ट्रेट।**

# पुलिस पिकेट के पास सर्राफा की दुकान में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार**: सदर कोतवाली क्षेत्र के बाराहद्वारी स्थित घंटाघर के समीप चोरों ने सर्राफा की दुकान को निशाना बना लिया। चोर दुकान में रखे सोने, चांदी के आभूषण निकाल कर ले गए। गनीमत रही कि चोर अलमारी का ताला नहीं तोड़ नहीं पाए। चोरों ने जीने का ताला तोड़कर दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। कोतवाली पुलिस, एसओजी, सर्विलांस, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

शहर के बाराहद्वारी स्थित घंटाघर के नीचे सोरों वाले गोपाल की सर्राफा की दुकान है। दुकान के दो कदम की दूरी पर पुलिस पिकेट की तैनाती रहती है। चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए सर्राफा की दुकान मे चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सोमवार और मंगलवार की रात्रि में जीने का ताला तोड़कर दुकान में प्रवेश हो गए। चोर दुकान के शोरूम में लगे सोने, चांदी के आभूषण निकाल कर ले गए, जिनकी कीमत एक डेढ़ लाख रुपये के करीब बताई जा रही है। चोर दुकान में रखी तिजोरी का ताला तोड़ने में नाकाम रहे। अन्यथा 25 से 30 लाख रुपये के आभूषण चोरी हो जाते। चोरी की जानकारी मंगलवार की सुबह गोपाल को उस समय हुई, जब वह रोजाना की तरह दुकान को खोलने पहुंचे। उन्होंने दुकान में रखा सामान तितर-बितर और ताला टूटा देखा तो दंग रह गये। तमाम सर्राफा व्यापारियों के साथ कोतवाली पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम के साथ फोरेंसिक टीम पहुंच गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर खुलासा किये जाने की मांग की है।



सर्राफा की दुकान में चोरी होने के एकत्रित व्यापारी। ● अमृत विचार

> घटना के खुलासा के लिए एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस की टीमें गठित की गई हैं। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
> **- अंकिता शर्मा, एसपी, कासगंज।**

# बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ऑटो पलटा, मासूम की मौत

**कासगंज,अमृत विचार**: अमांपुर क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में पांच महीने की मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि हादसे में ऑटो चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाइक को बचाने के प्रयास में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया था।

ऑटो चालक प्रेम शंकर (30) पुत्र सर्वनाम निवासी नगला बरी ऑटो में सवारियों को बैठाकर अमांपुर से सिढ़पुरा जा रहा था। गांव मगथरा के समीप पहुंचने पर एक बाइक सवार सड़क पर आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में ऑटो अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। हादसे में घायल ऑटो चालक चालक प्रेम शंकर, उसमें सवार गीता (30) पत्नी देवेंद्र निवासी नगला बरी, उसकी पांच माह की बेटी आकृति और अनीता (19) पुत्री राजपाल निवासी मगथरा गंभीर घायल हो गईं। जिला अस्पताल पर मासूम आकृति को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृत बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक आकृति।

# छह माह के बेटे को छीन कर ले गया पिता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार**: सदर कोतवाली क्षेत्र के बहेडिया वाईपास रोड के समीप छह साल के बच्चे के अपहरण की सूचना पर पुलिस में हडकंप मच गया। पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने जांच पडताल शुरू की गई। जांच में जानकारी हुई कि बच्चे का अपहरण नहीं, बल्कि उसका पिता मामा और मौसी से छीनकर ले गया है। नाना ने तहरीर पुत्री के जेठ के खिलाफ पुलिस को दी है।

गांव नोरथा निवासी ओमप्रकाश का कहना है कि उन्होंने अपनी पुत्री रूचि की शादी एटा जनपद के गांव कुरामई निवासी प्रेषित पुत्र प्रेमपाल के साथ आठ वर्ष पूर्व की थी। पति-पत्नी में विवाद के चलते उनकी पुत्री नोरथा गांव में मायके में आकर रहने लगी। न्यायालय में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज करा दिया था। मंगलवार की सुबह 11 बजे के लगभग रूचि का बेटा गोविन्द राज अपने मामा और मौसी के साथ नोरथा से कासगंज आ रहा था। तभी बहेडिया के समीप बच्चे के पिता प्रेषित कार लेकर वहां पहुंच गया। बच्चे को मामा और मौसी से छीनकर कार में डालकर भाग गए। मामा और मौसी से हाथा पाई भी की। उनकी बाइक भी गिर गई। उधर मामा ने बच्चे के अपहरण की सूचना पुलिस को दे दी। अपहरण की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बच्चे के नाना ओमप्रकाश ने जेठ सौरभ पर बच्चे को अगवा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।सदर कोतवाली इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि पुलिस को बच्चे के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पडताल में पता चला पति-पत्नी में विवाद चल रहा है। पिता अपने बच्चे को छीनकर ले गया है। नाना के द्वारा जेठ सौरभ यादव के खिलाफ अगवा करने की पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले विधिक कार्रवाई कर रही है।



बच्चे के अगवा होने की सूचना के बाद कोतवाली में तहरीर देने पहुंची मां, मौसी और मामा।

- नाना ने पुत्री के जेठ पर लगाया बच्चे का अपहरण करने का आरोप
- चार वर्ष से महिला रह रही थी बच्चे को लेकर मायके में

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप



पुलिस ने अधजला शव बरामद कर भेजा पोस्टमार्टम पर ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार**: क्षेत्र के ग्राम नरौली में अपने मामा के यहां रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका अधजला शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। पिता ने अपने पुत्र की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

जनपद बदायूं के थाना उझानी क्षेत्र के गांव लक्ष्मी नगला निवासी धर्मेंद्र (17) पुत्र सुरेश अपने मामा राजू निवासी नरौली के यहां अपनी मां गुड्डू देवी के साथ लगभग 10 वर्ष से रह रहा था। सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद उसके पिता को बिना बताए ही उसका अंतिम संस्कार नरौली की शमशान भूमि में किया जा रहा था, जिसकी जानकारी किसी ग्रामीण ने उसके पिता को गांव लक्ष्मीनगला में दे दी। पिता ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस और उसके पिता मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने अध जले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य व नमूना एकत्रित किए हैं।

# न्यायादेश की अवहेलना पर कोर्ट ने एसडीएम-एसएचओ पर लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- नाराजगी जताते हुए कंटेंप्ट की कार्रवाई उच्च न्यायालय रेफर की

**अमृत विचार**: न्यायादेश कि अवहेलना किए जाने पर न्यायालय ने एसडीएम पटियाली व एसएचओ सिकंदरपुर वैश्य पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही कोर्ट कंटेंप्ट की कार्रवाई के लिए प्रकरण को उच्च न्यायालय रेफर किया है।

गंजडुंडवारा के मोहल्ला केवल निवासी सौरभ गुप्ता ने तहसील पटियाली के ग्राम ओम नगरिया निवासी थान सिंह आदि के विरुद्ध स्थाई व्यादेश के लिए मूल वाद संख्या 168 सन 2018 प्रस्तुत किया, जो 14 अगस्त 2019 को एक पक्षीय रूप से डिक्री हुआ, जिसमें थान सिंह को सौरभ गुप्ता की आराजी गाटा संख्या 1293 स्थित ग्राम कादरगंज खाम परगना व तहसील पटियाली पर कब्जा व दखल में हस्तक्षेप करने से निषेधित किया गया। तत्पश्चात सौरभ गुप्ता ने अपने अधिवक्ता द्वारा वर्ष 2019 में इजराय प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा कि थान सिंह आदि ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए आराजी के कुछ भाग पर निर्माण कर लिया है, जिसे उसने साफ करा कर उस पर कब्जा व दखल दिलाए जाने की याचना की।

प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) खान जीशान मसूद ने 26 मई को आमीन दीवानी न्यायालय को दखल दिलाने के लिए निर्देशित किया साथ ही आदेश का पालन कराने के लिए एसडीएम पटियाली व संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया गया। आमीन दीवानी ने 27 मई को न्यायालय को अवगत कराया कि एसडीएम पटियाली तथा पुलिस अधिकारियों ने डिक्री निष्पादन के लिए दखल दिलाने में सहायता नहीं की। न्यायालय ने प्रकरण में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा, जिस पर अधिकारियों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण से न्यायालय संतुष्ट नहीं हुआ और समूचे प्रकरण में एसडीम व एसएचओ द्वारा न्यायादेश की अवहेलना किया जाना पाया गया।

न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) खान जीशान मसूद ने न्यायादेश की अवहेलना किए जाने पर एसडीएम पटियाली प्रदीप कुमार विमल व एसएचओ सिकंदरपुर वैश्य बृजपाल सिंह पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है, साथ ही कोर्ट कंटेंप्ट की कार्रवाई के लिए प्रकरण को उच्च न्यायालय रेफर किया है।

# प्रतिरक्षा कर्मचारी यूनियन के जनरल सेक्रेटरी का भव्य स्वागत



कर्मचारियों के साथ प्रतिरक्षा कर्मचारी यूनियन के नव निर्वाचित जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद रिजवान। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** ओसीएफ की प्रतिरक्षा कर्मचारी यूनियन के नव-निर्वाचित जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद रिज़वान का यूनियन सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

रिज़वान ने निर्माणी परिसर में सभी कर्मचारियों से भेंट की। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष नीरज दीक्षित, कोषाध्यक्ष नौशाद हसन समेत यूनियन के तमाम सदस्यों ने रिज़वान का स्वागत किया। अपने संबोधन में नवनियुक्त जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद रिज़वान ने कहा कि हमारा उद्देश्य निर्माणी के सभी कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके हित में कार्य करते हुए यूनियन को नई बुलंदियों तक पहुंचाना है। स्वागत समारोह में राम मोहन अग्निहोत्री, मोहम्मद नसीम, मुकेश भारती, जय सिंह, समीउद्दीन, शकील, लाल बहादुर, राजकुमार मौर्य, विमल दीप शर्मा, सलीम अहमद, अज़हर अली, सुनील, प्रदीप सक्सेना और आशीष मिश्रा आदि शामिल रहे।

# शिक्षण प्रक्रिया को सुगम बनाने को हुई क्षमता निर्माण कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : मदर एंथीना स्कूल में शिक्षकों की शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक श्रेष्ठ व रूचिकर बनाने हेतु क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विविध स्कूलों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में शिक्षकों को प्रशिक्षण देने को सीबीएसई द्वारा बुलंदशहर से रिसोर्स पर्सन सुभाष त्यागी एवं प्रोफेसर डा. मौसम सिन्हा को रखा गया। कार्यशाला का विषय था अधिगम परिणाम एवं शिक्षा शास्त्र। इस कार्यशाला में शिक्षकों को कक्षा कक्ष में छात्रों के लिए सुगम व रूचिकर बनाने हेतु विविध नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

इसके अलावा इंटीग्रेशन के माध्यम से विषयों को सुगम बनाया गया। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों की शिक्षण प्रक्रिया को विद्यार्थियों को अधिक प्रभावी तथा रुचिकर बनाने में सहयोग मिलता है।



कार्यशाला में भाग लेती शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

# ईदगाह इंतजामिया कमेटी की बैठक संपन्न

**सोरोंजी, अमृत विचार**: ईदगाह इंतजामिया कमेटी की बैठक सदर मुस्तफा कामिल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में लोगों से अपील की गई कि 7 जून को ईद उल अजहा की नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी के अपशिष्ट निर्धारित गड्ढों में ही डालें तथा सड़कों व नालियों में न डालें, जिससे किसी की भावनाएं आहत न हों।

कमेटी के सेक्रेटरी कमाल हसन रहमानी ने बताया कि होडलपुर स्थित ईदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगी। नमाज हाफिज उवैस अहमद बरकाती द्वारा अदा कराई जाएगी। जामा मस्जिद से पेश इमाम जुलूस के रूप में ईदगाह जाएंगे। बैठक में इत्तेदार हुसैन, अंजुम राहत, मु. यूनुस, डॉ. महमूद खां, कासिम, फारुख आदि रहे।

# हत्या करके साक्ष्य नष्ट करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंगलवार को न्यायाधीश ने सुनाई सजा, दोषी पर 60 हजार रुपये लगाया जुर्माना

**अमृत विचार** : हत्या करके साक्ष्य नष्ट करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम फराह मतलूब ने आजीवन कारावास समेत 60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बसियानी निवासी प्रकाश पुत्र वीरबल ने तहरीर देकर बताया था कि उनके भाई लटूरी से गांव निवासी नरेंद्र पुत्र सुखराम ने अपने मकान का लिंटर डलवाने के लिए 50 हजार रुपये उधार लिए थे और दिसंबर महीने तक चुकाने का वादा किया था। 23 दिसंबर 2015 की दोपहर लगभग चार बजे नरेंद्र उनके भाई लटूरी को साथ ले गया। कहा कि वह अपने ससुराल जिला शाहजहांपुर के थाना परौर क्षेत्र के गांव कुबेरपुर से उधार के रुपये वापस दिला देगा।

गांव के रजनेश पुत्र राम भरोसे और सुरजीत पुत्र दुविजय, डांसिंग पुत्र बदन सिंह ने लटूरी को नरेंद्र के साथ जाते हुए देखा है। कई दिन तक लटूरी वापस घर नहीं आया तो प्रकाश ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 30 दिसंबर को पता चला कि उसावां पुलिस ने लटूरी का शव बरामद किया है। प्रकाश ने अपने गांव के श्याम पाल, सुखराम के साथ मौके पर पहुंचकर शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

न्यायालय में नरेंद्र पुत्र सुखराम पर लटूरी की हत्या करके साक्ष्य नष्ट करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश में पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। एडीजीसी संजीव कुमार गुप्ता और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील के आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# घर से बुलाकर मारी गोली, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**फतेहगंज पश्चिमी,अमृत विचार** : चार दिन पहले गोली लगने से घायल किशोर ने मंगलवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दो हत्यारोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव टियूलिया निवासी सुरेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करन उर्फ छोटा पुत्र प्रेमशंकर उनके बेटे अखिलेश को घर से बुलाकर ले गया था। कुछ देर बाद उन्होंने अपने बेटे की खोजबीन की तो करन और एक अज्ञात को अखिलेश से बहस करते देखा। जैसे ही उन्होंने अपने बेटे को आवाज दी तो करन ने तमंचे से अखिलेश के सीने में गोली मार दी और दोनों वहां से फरार हो गए।

